# कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा) पन्ना, संभाग
## म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि.पन्ना

क्र./क0/अ0/स्था0/825 दिनांक– 3/7/23

प्रति,

वनमंडलाधिकारी
दक्षिण वन मंडल पन्ना जिला पन्ना (म0प्र0)

विषयः– सलेहा से कल्दा 33 केव्ही0 नवीन विद्युत लाइन ऑनलाईन प्रकरण कमांक–**FP/MP/OTHERS/33428/2018** के सम्बंध मे।

संदर्भ– आपका पत्र कमांक– 3045/दिनांक 16.06.2023

––––000––––

उपरोक्त संदर्भित पत्र के तारतम्य में लेख है कि ग्राम–कल्दा में वित्तीय वर्ष 2014–15 में नवीन उपकेन्द्र हेतु प्रशासकीय स्वीकृति दी गयी थी जिसमें अग्रिम कार्यवाही करते हुये सलेहा से कल्दा तक 33 के0व्ही0 लाइन का सर्वे कार्य किया गया जिसमें वन क्षेत्र से नवीन लाइन स्थापित करने हेतु ऑनलाईन प्रकरण क–**FP/MP/OTHERS/33428/2018** के माध्यम से अनुमति चाही गई। चूंकि वित्तीय वर्ष में नवीन लाइन कार्य हेतु बजट का अभाव होने के कारण एवं वर्ष 2020, 2021 में कोविड महामारी होने के कारण उक्त प्रकरण में बिलम्ब हो गया। पुनः आर.डी.एस.एस. स्कीम के तहत इस नवीन उपकेन्द्र एवं लाइन विस्तार कार्य हेतु स्वीकृति प्रदान किये जाने के कारण उक्त प्रकरण में समय समय पर प्रकरण सम्बंधित कमियों की पूर्ति की जा रही है। ताकि नवीन उपकेन्द्र का कार्य प्रकरण स्वीकृति उपरांत अतिशीघ्र प्रारम्भ की जा सके।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करे।

कार्यपालन अभियन्ता
म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कंलिमि.संभाग पन्ना